# VISION IAS

www.visionias.in

VISION IAS
12 SEP 2018

## GENERAL STUDIES (TEST CODE : 1069)

| | | | |
|---|---|---|---|
| Name of Candidate | Prem Singh | | |
| Medium Eng./Hindi | Hindi | Registration Number | 113540 |
| Center | M.N. Delhi | Date | 12-09-18 |

### INDEX TABLE

| Q. No. | Maximum Marks | Marks Obtained |
|---|---|---|
| 1(a) | 10 | |
| 1(b) | 10 | |
| 2(a) | 10 | |
| 2(b) | 10 | |
| 3(a) | 10 | |
| 3(b) | 10 | |
| 4(a) | 10 | |
| 4(b) | 10 | |
| 5(a) | 10 | |
| 5(b) | 10 | |
| 6 | 10 | |
| 7 | 10 | |
| 8 | 10 | |
| 9 | 20 | |
| 10 | 20 | |
| 11 | 20 | |
| 12 | 20 | |
| 13 | 20 | |
| 14 | 20 | |

**Total Marks Obtained:**

**Remarks:**

### INSTRUCTIONS

1. Do furnish the appropriate details in the answer sheet (viz. Name, Registration Number and Test Code).
   उत्तर पुस्तिका में सूचनाएं भरना आवश्यक है (नाम, प्रश्न-पत्र कोड, विद्यार्थी क्रमांक आदि)।
2. There are **FOURTEEN** questions printed in **ENGLISH & HINDI**
   इसमें चौदह प्रश्न हैं अंग्रेजी और हिन्दी में छपे हैं।
3. **All questions are compulsory.**
   सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
4. The number of marks carried by a question/part is indicated against it.
   प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं।
5. Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate, which must be stated clearly on the cover of this Question-Cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in medium other that the authorized one.
   प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश पत्र में किया गया है और उस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यूसीए) पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिए गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।
6. Word limit in questions, if specified, should be adhered to.
   प्रश्नों में शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए।
7. Any page or portion of the page left blank in the Question-Cum-Answer Booklet must be clearly struck off.
   उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए।

16-B, 2nd Floor, Above National Trust Building, Bada Bazar Marg, Old Rajinder Nagar, Delhi-110060

M-1/4, Plot No-A-12/13, Ist Floor, Ansal Building, Dr. Vidya Sagar Homeopathic Clinic, Mukherjee Nagar, Delhi-110009

# EVALUATION INDICATORS

1. Contextual Competence
2. Content Competence
3. Language Competence
4. Introduction Competence
5. Structure - Presentation Competence
6. Conclusion Competence

Overall Macro Comments / feedback / suggestions on Answer Booklet:

1.

2.

3.

4.

5.

6.

All the Best

# VISION IAS™

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

**Answer the following questions in not more than 150 words each:**

**1.** **(a)** Growing awareness about terminal as well as mental illness has given credence to the idea of "living wills". What is a living will? Discuss the ethical issues to be considered from an individual as well as social perspective to formulate and implement it. **10**

मरणांतक (टर्मिनल) के साथ-साथ मानसिक रोगों के संबंध में बढ़ती जागरूकता ने "लिविंग विल" के विचार को स्वीकृति प्रदान की है। लिविंग विल क्या है? इसे तैयार करने और कार्यान्वित करने के लिए व्यक्ति के साथ-साथ सामाजिक परिप्रेक्ष्य से विचार किए जाने वाले नैतिक मुद्दों की चर्चा कीजिए।

लिविंग ~~अल~~ विल अर्थात जीने की इच्छा। लोगों में मानसिक स्वास्थ्य एवं रोगों के प्रति बढ़ती जागरूकता के साथ ही लोगों का जीवन जीने और जीवन को खत्म करने के अधिकार के प्रति ध्यान गया है।

लिविंग विल में मनुष्य के द्वारा जीवन जीने के साथ ही जीवन को खत्म करने के अधिकार की माँग की है। साथ ही ~~स्वतन्त्र~~ ~~और~~ ऐसे लोगों का अपनी जीवन के बारे में निर्णय करने का अधिकार देना जो ~~क~~ लाइलाज रोगों से सामना कर रहे तथा रोगी असहनीय दर्द का सामना कर रहा है तथा जिनके रोगियों की स्थिति किसी प्रकार का

निर्णय करने की अवस्था में नहीं है इतने उनके परिवार के सदस्य डाक्टर के साथ मिलकर निर्णय ले रहे हैं।

मुद्दे : 1. जीवन का अधिकार : इससे समाज के नैतिक मूल्यों पर भी बहुत बुरा असर पड़ेगी।

② → तथा समाज में कहीं ना कहीं आत्म हत्या की घटनाएं बढ़ेगी।

→ भारतीय समाज पहले से ही अवसाद जनित मानसिक दबावों के कारण आत्म हत्या के प्रयासों एवं घटनाओं की संख्या तेजी से बढ़ रही है।

→ इससे कहीं ना कहीं ऐसी घटनाओं को प्रश्रय मिलेगा।

→ तथा समाज का नैतिक पतन की समस्या भी बढ़ सकती है

→ समाज के पलायनवादी भावना की समस्या ~~बढ़ेगा~~ भी आ सकती है।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

1. **(b)** In order to improve the bureaucratic work culture and productivity, there is a need to downsize government and privatize some of the services. Critically discuss with examples. **10**

नौकरशाही कार्य संस्कृति और कार्यदक्षता में सुधार लाने के लिए, सरकार का आकार छोटा करने और कुछ सेवाओं का निजीकरण करने की आवश्यकता है। उदाहरणों के साथ आलोचनात्मक चर्चा कीजिए।

→ नौकरशाही प्रशासन की स्थायी कार्यपालिका होती है जो सरकार के कानूनों और योजनाओं का क्रियांवयन करती है।
किसी भी संस्थान की कार्य करने की एक विशेष रणनीति, योजना एवं क्षमता होती है जो उसकी कार्य संस्कृति कहलाती है।
- वर्तमान समय में भारतीय नौकरशाही कार्य संस्कृति और कार्य क्षमता की समस्या का सामना कर रहा है। इसलिए सरकार का आकार छोटा करने के साथ-2 निजीकरण की आवश्यकता पर बल दिया जा रहा है ताकि न्यूनतम शासन और अधिकतम शासन के लक्ष्य की प्राप्ति हो सके :⇒
→ नौकरशाही एवं सरकार के विस्तृत स्वरूप के कारण विभिन्न विभागों के समन्वय का अभाव है।

→ कार्य निष्पादन में अत्यधिक समय लगता है जिससे योजनाओं और सेवाओं में देरी होती है।

→ निजी क्षेत्र में कार्य संस्कृति का स्तर तीव्र एवं उच्च दक्षता व युक्त होने के कारण सेवाओं का स्तर अच्छा होता है।

→ निजी क्षेत्र में आपस में स्टेकहोल्डरों के मध्य संविदा को प्राप्त करने का स्तर उनका नागरिक सेवा का परिणाम होता है इसलिए निजी क्षेत्र दक्षता के साथ काम करता है।

हाल ही में सरकार ने सरकार का आकार कम करने के लिए कई विभागों का विलय किया है और नये कुछ विभागों का आपस में मर्ज किया है जैसे :→ सार्वजनिक क्षेत्र के SBI बैंक के साथ उनके सहयोगी 5 बैंकों का विलय, लोगों के साथ आनलाइन जोड़कर जन से सीधा संवाद, PPP मोड पर प्रतिष्ठानों का संचालन, तथा केंद्रीय कर सुधार - GST आदि।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

2. (a) Examine the contemporary relevance of Gandhiji's talisman as a means of resolving ethical dilemmas in day to day life. **10**

दैनिक जीवन में नैतिक दुविधाओं का समाधान करने के एक साधन के रूप में गांधीजी के मंत्र की समकालीन प्रासंगिकता का परीक्षण कीजिए।

महात्मा गाँधीजी ने साध्य एवं साधनों की पवित्रता पर बल दिया था। गांधीजी के अनुसार साध्य के साथ साधनों की पवित्रता जरूरी है। क्योंकि ~~साध्य यदि~~ साधन बीज है तो साध्य वृक्ष।

प्रासंगिकता : वर्तमान प्रतिस्पर्धी दुनिया में प्रत्येक सफलता और लक्ष्य की प्राप्ति के पीछे पड़ा हुआ है तथा अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के साम-दाम, दण्ड की नीति का पालन करता है। जिससे व्यक्ति भ्रष्टाचार, भाई भतीजावाद, आपराधिक गतिविधियों एवं अन्य कई अनैतिक कार्यों में संलग्न हो जाता है। जिसके परिणाम स्वरूप लड़ाई, साम्प्रदायिक दंगे, हिंसा, एवं विवादों के कारण हिंसा फैल जाती है। यदि दैनिक जीवन के प्रत्येक क्षेत्र पर साधन की पवित्रता के सिद्धान्त का पालन किया जाये

तो अधिकतर समस्याओं का
निदान हो जायेगा। चाहे वो
व्यक्तिगत समस्या हो, पारिवारिक,
सामाजिक, राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय
जैसे - लोकसेवक द्वारा निर्णय करते
समय पारदर्शिता एवं ईमानदारी
पूर्ण तरीके से व्यवहार करके ही
भ्रष्टाचार जैसी समस्या को आसानी
से खत्म किया जा सकता है जिससे
शासन में सत्यनिष्ठा, ईमानदारी और
लोक सेवा की भावना को स्थापित
किया जा सकेगा।

अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर आतंकवाद,
ड्रग तस्करी एवं शरणार्थियों की
समस्या का निदान भी साधनों की
पवित्रता ~~पूर्ण तरीके~~ से किया जा
सकता है जिससे एक लोक
कल्याणकारी विश्व की स्थापना
हो सकेगी।

2. **(b)** "Intelligence plus character–that is the goal of true education." Assess whether such an objective can be achieved within the existing system of education in India. **10**

"बुद्धिमत्ता (प्रज्ञता) के साथ चरित्र निर्माण - सही शिक्षा का मकसद होना चाहिए।" आकलन कीजिए कि क्या वर्तमान भारतीय शिक्षा प्रणाली के अंतर्गत इस उद्देश्य की प्राप्ति की जा सकती है।

चरित्र किसी भी समाज या मनुष्य की पहचान होता है। शिक्षा के द्वारा बुद्धिमता के साथ एक आदर्श और उच्च सद्गुणों युक्त चरित्र निर्माण जरूरी है। क्योंकि यदि एक बुद्धिमता युक्त व्यक्ति का चरित्र अच्छा नहीं होगा तो वह मानव समाज के लिए खतरा बन जायेगा। जैसे - लादेन, हिटलर, आदि।

गाँधीजी के अनुसार देश का निर्माण उसके कक्षा-कक्षों से होता है। एक शिक्षक ही छात्र को मनुष्य के साथ-2 सच्चरित्र युक्त नागरिक बनाता है।

वर्तमान भारतीय शिक्षा प्रणाली में कुछ कमियाँ है- क्योंकि यहा बुद्धिमता युक्त छात्र तो पैदा हो रहे थे परन्तु नैतिक गुणों का मही ना नही कमी है।

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

→ छात्रों को विद्यालय स्तर पर नैतिक शिक्षा के साथ-2 महापुरुषों की जीवनियां भी पढ़ाई कराई जायें जिससे वे उनके सद्गुणों को ग्रहण करें।

→ विद्यालयी और विश्वविद्यालय स्तर पर किसी भी प्रकार की धार्मिक शिक्षा के बजाय सभी धर्मों के दर्शन की शिक्षा दी जाये। डॉ० सर्वपल्ली राधा कृष्णन के अनुसार इससे छात्रों में सर्वधर्म समभाव की भावना पैदा होगी जिससे धार्मिक कट्टरता, एवं साम्प्रदायिकता की समस्या का अंत

→ विद्यालयों में शारीरिक शिक्षा, योग, ध्यान के साथ-2 नागरिक शास्त्र एवं रोजगारोन्मुख दक्षता पर, प्रारम्भ से ही ध्यान दिया जाये।

→

**VISION IAS**™

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

**3.** **(a)** "A blanket prohibition of criticism of the policies of the Government is invalid and void, and it makes no difference if the person criticizing happens to be a government servant." Critically discuss in the context of Civil Service Conduct Rules, 1964. **10**

"सरकार की नीतियों की आलोचना का पूर्णतया निषेध अमान्य और शून्य है, और यदि आलोचना करने वाला व्यक्ति एक सरकारी सेवक है तो इससे कोई फ़र्क नहीं पड़ता।" सिविल सेवा आचरण नियमावली, 1964 के संदर्भ में आलोचनात्मक चर्चा कीजिए।

सिविल सेवा आचरण नियमावली 1964, के अनुसार सरकारी सेवकों मे कार्यरत कि अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सरकारी नीतियो की आलोचना पूर्णतया निषेध है। तथा यदि कोई कर्मचारी उस ऐसा करता है तो इसके द्वारि अनुशासनात्मक कार्यवाही की जा सकती है।

सिविल सेवको का दायित्व सरकारी योजनाओ एवं सेवाओ का अच्छी तरह से कार्यान्वयन है ताकि लक्षित समूह तक सेवाएं पहुंच सके।

सिविल सेवा नियमावली की कमियाँ:-

→ इससे सिविल सेवकों के मौलिक अधिकार के अनुसार बोलने की आजादी का हनन होता है।

→ कर्मचारियो के डर एवं भय का माहौल पैदा होता है।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

पक्ष में तर्क

— इसका मुख्य उद्देश्य सिविल सेवाओं में अनुशासन एवं निष्पक्षता बनाए रखना है।

→ चूंकि सरकारें तो बदलती रहती है इसलिए जब कभी किसी अधिकारी के कि व्यक्तिगत विचारों के विपरीत दल की सरकार बनती है तो वह नीतियों का विरोध करने की आशंका रहती है। इसलिए ये सिविल सेवकों की सत्यनिष्ठा एवं निष्पक्षता प्रभावित होने की से आचार संहिता रक्षा प्रदान करती है।

→ सिविल सेवक नीतियों एवं परियोजनाओं को क्रियांवयन करते है।

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

3. **(b)** "Man by nature is a political animal". Explain with reference to Aristotle's idea of the state in life of the society. **10**

"मनुष्य स्वभावतः एक राजनीतिक प्राणी है।" समाजिक जीवन में अरस्तू के राज्य संबंधी विचार के संदर्भ में व्याख्या कीजिए।

अरस्तू के अनुसार मनुष्य स्वभाव से ही राजनीतिक होता है क्योंकि वह जीवन में प्रत्येक क्षेत्र में लाभ-हानि, पद, प्रतिष्ठा के बारे में सोचता है।

~~मनुष्य~~ समाज में प्रत्येक मनुष्य का स्वभाव होता है की सत्ता की प्राप्ति और पहचान।

अरस्तू के अनुसार प्रत्येक समाज

→ समाज राज्य का दर्पण होता है

→ तथा प्रत्येक समाज ~~कुछ~~ सत्ता प्राप्त करके अन्य साथी समाज एवं लोगों पर राज करना चाहता है। ताकि अपना शासन स्थापित कर सके।

→ समाज के कुछ नीतियाँ, आचरण एवं नियम होते है जिनका पालन प्राय सब करते है जैसे – बड़ों का सम्मान, सत्य बोलना आदि।

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

→ समाज में व्यक्ति आगे बढ़ने के लिए प्रतिस्पर्द्धा करता है।

→ प्रत्येक राज्य का अपनी राजनीति के कुछ सिद्धान्त, ध्येय एवं लक्ष्य होते है उसी प्रकार प्रत्येक समाज में व्यक्ति के कुछ ध्येय, सिद्धान्त एवं लक्ष्य होते है।

→ राज्य में भी जो बुद्धिमान एवं शक्तिशाली होते है वही शासन करता है इसी प्रकार, परिवार एवं समाज में प्राय ~~बड़ प्रथाओं~~ प्रथाओं का पालन किया जाता है।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

4. **(a)** What are the factors that have influenced the contemporary attitude of the state and the society towards homosexuality in India? Also, comment on the changing attitude and the factors driving this change. **10**

भारत में समलैंगिकता के प्रति राज्य और समाज की समकालीन अभिवृत्ति को प्रभावित करने वाले कारक क्या हैं? साथ ही, बदलती अभिवृत्ति और इस परिवर्तन को लाने वाले कारकों पर भी टिप्पणी कीजिए।

~~भार~~ समलैंगिकता में प्राय समान लिंग के प्रति आकर्षण घटा है। समलैंगिकता एक प्राकृतिक आचरण है।

भारतीय समाज में अभिवृति को प्रभावित करने वाले कारक —

(1) भारतीय समाज के प्राय सभी धर्मों एवं धार्मिक सम्प्रदायों ~~में~~ के समलैंगिकता के प्रति नकारात्मक अभिवृति उत्पन्न की है।

(2) निम्न सामाजिक स्तर, गरीबी, अशिक्षा, लैंगिक शिक्षा का अभाव,

(3) सामाजिक कलंक की धारणा, पितृसत्तात्मक समाज तथा अंग्रेजी राज्य के दौरान ईसाई पादरियों के दौरान के धार्मिक शिक्षाओं का प्रभाव।

(4) ~~संपुरक~~ मानवीय अधिकारों के प्रति जागरूकता का अभाव, परम्परागत एवं रूढ़िगत अवधारणाएं एवं कानूनी प्रक्र प्रमुख का अभाव आदि।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

वर्तमान समय में भारतीय समाज में समलैंगिकता के प्रति लोगों की धारणा में परिवर्तन आ रहा है। तथा हाल ही में माननीय उच्च न्यायालय ने समलैंगिकता को अपराध की श्रेणी से बाहर कर दिया है जिससे समान लैंगिक ओरिएंटेशन के परन्तु 18 साल से ऊपर के नागरिकों द्वारा बनाये गये शारीरिक सम्बंध मान्य होंगे।

इसके पीछे का लोगों की अभिवृत्ति में परिवर्तनों के कुछ मुख्य कारण है —

→ वैश्वीकरण के कारण पश्चात संस्कृति एवं अन्य देशों में समलैंगिकता को मान्यता देने से भारतीय समाज की धारणा में परिवर्तन।

→ मानव अधिकारों के प्रति जागरूकता।

→ NGO एवं सिविल सोसायटी की भूमिका

→ न्यायपालिका के द्वारा दुविधा को समाप्त करना।

→ मीडिया, सोशल मीडिया एवं शिक्षा का प्रभाव आदि।

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

4. **(b)** With behavioural issues and suicides among children on the rise, teachers and parents need to play an active part in ensuring mental well-being. Discuss. Also, explain the importance of emotional intelligence in this regard. **10**

बच्चों में व्यवहार संबंधी मुद्दों और आत्महत्या के बढ़ते मामलों के कारण मानसिक स्वास्थ्य सुनिश्चित करने में शिक्षकों और माता-पिता को एक सक्रिय भूमिका निभाने की आवश्यकता है। चर्चा कीजिए। साथ ही, इस संबंध में भावनात्मक बुद्धिमत्ता (प्रज्ञता) के महत्व की व्याख्या कीजिए।

- भावनात्मक बुद्धिमत्ता मे ~~आम~~ स्वयं की भावनाओं के साथ अन्य लोगो की भावनाओं के साथ एकीकरण करके व्यक्ति निर्णय लेता है तथा दिल और दिमाग अर्थात हृदय और मस्तिष्क दोनो एकीकृत होकर निर्णय करते है जिसमे सामने ~~वाले~~ वाले की स्थिति को पर्याप्त एवं सही ~~तरी~~ तरीके से समझा जाता है।

- ~~आलम~~ शिक्षको एवं माता-पिता की भूमिका—

→ बच्चें प्रायः वही सीखते है जो परिवार के सदस्य जैसा आचरण करते है। अर्थात अनुकरण।

→ माता-पिता यदि बच्चो के साथ शुरू से ही मित्रता पूर्ण रिश्ता स्थापित कर लेते है तो बच्चे उन्हे समस्याए और परेशानियों को बता

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

सकेंगे। तथा माता-पिता भावनात्मक बुद्धि मत्ता युक्त बच्चों की समस्याओं को सुलझा सकेंगे।

→ परिवार के बाद शिक्षक की भूमिका मुख्य होती है इसलिए शिक्षक एवं छात्रों में कि च्य सम्बंध, मित्र, अभिभावक की तरह होने से बच्चों के मानसिक स्थिति का पता चल सकेगा जिससे बाल आत्महत्या की प्रवृति में कमी आयेगी।

→ बच्चे अपनी समस्याए खुलकर बता सकेंगे तथा अवसाद से बाहर निकालने में सहायता मिलेगी।

- भावनात्मक बुद्धि मत्ता का महत्व

→ बच्चों के परेशानियों एवं परिस्थिति का उचित निवारण

→ उनकी मानसिक स्थिति अनुसार व्यवहार करने से मानसिक अवसाद में कमी

→ तथा उनके अनुसार व्यवहार करने से उनमें डर की भावना का देगी और विश्वास मजबूत।

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

5. **(a)** The policy of Dhamma advocated by Ashoka through his edicts remains relevant in the context of issues in public life even today. Elucidate with examples. **10**

अपने अभिलेखों के माध्यम से अशोक द्वारा समर्थित धम्म की नीति आज भी सार्वजनिक जीवन के मुद्दों के संदर्भ में प्रासंगिक है। उदाहरणों के साथ स्पष्ट कीजिए।

- अशोक की धम्म की नीति में प्राय अहिंसा, धार्मिक सहिष्णुता एवं सांस्कृतिक विजय, साथ उन्य एवं नैतिक जीवन के सिद्धान्तों का पालन।

मुद्दों के प्रासंगिकता

(1) अहिंसा एवं धार्मिक सहिष्णुता :- अशोक के धम्म में प्राय अहिंसा पालन के द्वारा वर्तमान समय की समस्याओं हिंसा, युद्ध, धार्मिक कट्टरता तथा सम्प्रदायिकता का अंत किया जा सकता है।

(2) धम्म विजय की नीति के द्वारा आतंकवाद, आक्रामकवाद तथा अहिंसात्मक झगड़ों का अंत कर सकते है।

(3) धम्म नीति में पर्यावरण एवं जीव जन्तुओं के संरक्षण के द्वारा वर्तमान पर्यावरणीय संकट,

पर्यावरणीय प्रदूषण तथा वैश्विक तापन जैसी समस्याओं का समाधान।

(4) पेड़-पौधों एवं जीव जन्तुओं की रक्षा तथा पारिस्थितिक तंत्र की सुरक्षा तथा मानव- जन्तु संघर्ष को कम जा सकता है।

(5) नैतिक आचरणों के द्वारा धार्मिक असहिष्णुता, जातिवाद, कट्टरता तथा राजनीति का नैतिक पतन का समाधान।

(6) धर्म विश्व के द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय कटुताओं और विवादों का शांतिपूर्ण निस्तारण जिससे सीमा विवादों तथा जल विवादों के साथ अंत हो सकेगा।

(7) संसाधन संरक्षण जिससे सतत पोषणीय लक्ष्यों की प्राप्ति।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

5. (b) Arguably, poverty is not only a matter of statistics. It is a reflection on the kind of society we live in. In this context, discuss the ethical implications for a society that witnesses high incidence of poverty. 10

तर्कसंगत रूप से, निर्धनता केवल आंकड़ों की विषय-वस्तु नहीं है। हम जिस समाज में रहते हैं, यह उसकी प्रकृति का एक प्रतिबिंब है। इस संदर्भ में, उस समाज के लिए नैतिक निहितार्थों की चर्चा कीजिए जहाँ निर्धनता व्यापक रूप में विद्यमान है।

- समाज में मनुष्य की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति में असमर्थ होना ही निर्धनता है इसके साथ आवास, भोजन, वस्त्र एवं शिक्षा तथा स्वास्थ्य की पूर्ति करने में असमर्थता की अवस्था है।

निर्धनता समाज में केवल आँकड़ों पर ही निर्भर नहीं करती अपितु यह जीवन स्तर तथा समाज के विकास का दर्पण होती है।

निर्धन समाज को नैतिक रूप से निम्न स्तर का होता है। महात्मा गाँधीजी ने निर्धनता को सबसे बड़ी बुराई बतलाया है।

• नैतिक निहितार्थ :-

(1) मानवाधिकारों का हनन :- निर्धनता के कारण व्यक्ति के जीवन जीने का मानवाधिकार प्रभावित होता

होता निर्धनता के कारण मूलभूत सुविधाओं की पूर्ति नहीं हो पाती।

② इससे समाज में व्यापक सामाजिक व आर्थिक असमानता फैल जाती है

③ अशिक्षा, लैंगिक भेद भाव तथा महिलाओं का शोषण।

④ वृद्ध, दिव्यांग का महत्व कम होता है तथा उन्हें सामाजिक बोझ समझा जाता है

⑤ निर्धनता के कारण जनसंख्या वृद्धि की उच्च दर आदि

अत: एक निर्धन समाज विकास की दौड़ से पिछड़ जाता है क्योंकि वे शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य योग्यताओं-उन्मुख क्षमता प्राप्त नहीं कर पाते।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

6. Every superstition cannot be removed by the force of law. For that, a mental change is necessary. Comment. Also, explain how educators and public figures can help in eradicating superstition and instilling scientific temper among people. **10**

कानून के बल पर प्रत्येक अंधविश्वास का निराकरण नहीं किया जा सकता है। इसके लिए मानसिक परिवर्तन आवश्यक है। टिप्पणी कीजिए। साथ ही, व्याख्या कीजिए कि किस प्रकार शिक्षक और प्रतिष्ठित व्यक्ति लोगों में अंधविश्वास को समाप्त करने और वैज्ञानिक मनोवृत्ति विकसित करने में सहायता कर सकते हैं।

→ ~~[illegible]~~ अंधविश्वास लोगो का मूल आधार लोगो के व्याप्त विभिन्न विश्वास होते है। इनके मुख्य कारण अशिक्षा, धार्मिक विश्वास, परम्पराएं, सांस्कृतिक क्रिया कलाप एवं सामाजिक प्रतिमान एवं कर्मकांड होते है जो लोगो मे पीढ़ीयो से चले आ रहे है, जिनका निराकरण उप कानूनो से करने मे दिक्कत आती है।

हाल ही मे महाराष्ट्र विधान सभा मे अन्धविश्वास की समाप्ति के लिए एक विधेयक जारी किया गया। जिसमे अंधविश्वासो का अवैध व आपराधिक घोषित किया समाज मे व्याप्त प्रथाओ और अंधविश्वास की समाप्ति के लिए पहले भी सती प्रथा निषेध,

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

छुआछूत, सतीप्रथा, बाल शिशु हत्या, एवं ~~...~~ डायन प्रताड़न निषेध सम्बंधित कानून बनाये गये।

परन्तु, कन्या भ्रूण तथा निवारण के लिए लोगों के धारणा, विश्वास एवं सोच की बदलना एवं आवश्यकता अभी है।

<u>शिक्षक एवं प्रतिष्ठित लोगों का योगदान</u>

→ शिक्षक प्रायः लोगों में बचपन से ही अंधविश्वासों की समाप्ति के लिए बच्चों को प्रेरित करे। जिससे अंधविश्वास जड़ से समाप्त हो सकते है।

→ प्रतिष्ठित व्यक्ति प्रायः लोगों की धारणाओं और मनोवृत्ति के परिवर्तन के लिए, सभा, सम्मा, रैली, शिक्षा एवं लोगों को समझा बुझाकर उनकी मनोवृत्ति व को परिवर्तित कर सकते है जिसमें सोशियल समूह की महत्वपूर्ण ~~भूमिका~~ भूमिका हो सकती जैसे - डा. BR अम्बेडकर, राजा राम मोहन राय, महात्मा गाँधी ने किया था।

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

**7.** Many argue that there are times, when war is morally permissible, and even obligatory. Critically discuss. **10**

कई लोग तर्क देते हैं कि कई बार ऐसा होता है, जब युद्ध नैतिक रूप से अनुमत, और यहां तक कि अनिवार्य भी होता है। आलोचनात्मतक चर्चा कीजिए।

युद्ध प्राय: संकट और तबाही ही लाता है। परन्तु कई बार लोग प्राय युद्ध की नैतिकता के पक्ष में होने पर तर्क देते है। प्राय भिन्न परिस्थितियों में युद्ध का पक्ष लिया जा सकता है -

-① यदि युद्ध के अलावा कोई और रास्ता नहीं बचा हो।

② जनहित की रक्षा के लिए युद्ध अत्य० जरूरी हो जाए हो जैसे किसी अन्य आक्रमणकारी ने आप पर आक्रमण कर दिया था तथा आपके क्षेत्र पर अधिकार कर लिया तब आत्म रक्षा में युद्ध जरूरी है।

③ किसी भी अनैतिकता और अत्याचारी के विरुद्ध जैसे भगवान कृष्ण ने जनता को कंस के अत्याचार से मुक्ति के लिए युद्ध किया था।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

(5) राज्य की रक्षा, तथा स्वतंत्रता की रक्षा के लिए - जैसे भारत ने 1948 में कश्मीर के नागरिकों की रक्षा के लिए कबायलियों से सुरक्षा।

(8) अतः निम्न स्थितियों में युद्ध को नैतिक माना जा सकता है। महात्मा गाँधी जी ने भी ~~कुछ~~ विशेष परिस्थितियों में हिंसा की अनुमति ~~दे दी~~ को सही माना है।

परन्तु युद्ध में हमेशा तबाही ही होती है, इसलिए युद्ध के स्थान पर अन्य वाद-विवादों का शांतिपूर्ण हल निकालना जरूरी है क्योंकि युद्ध का किसी भी समस्या का हल नहीं होता।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

**8.** It has been argued that traditional approaches to corporate social responsibility (CSR) are inadequate. Discuss. Also, examine the role of Social License to Operate (SLO) in this regard. **10**

यह तर्क दिया गया है कि कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तयरदायित्व (CSR) के प्रति पारंपरिक दृष्टिकोण अपर्याप्त है। चर्चा कीजिए। साथ ही, इस संबंध में परिचालन हेतु सामाजिक अनुज्ञप्ति (Social License to Operate: SLO) की भूमिका का परीक्षण कीजिए।

→ CSR मे औद्योगिक संस्थाओं द्वारा समाज की भलाई और विकास के लिए कुछ दायित्वों का निर्वहन किया जाता है।

CSR के द्वारा किया प्राय लोगो के शिक्षा, मूल भूत सुविधाओं का विकास, स्वास्थ्य सुविधाए, पेयजल, स्वच्छता आदि क्षेत्रों मे पारम्परिक रूप से CSR की राशि का व्यय किया जाता है। परन्तु हाल ही में CSR से सम्बंधित कुछ चिंताए उभरी है—

- ① CSR का व्यय का कोई प्रत्यक्ष नियमन नही
- ② CSR का व्यय प्राय कुछ ही विशेष क्षेत्रो मे किया जाता है
- ③ क्षेत्रीय असमानता तथा पारदर्शिता की कमी।

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

CSR में SCO की भूमिका -

→ CSR से व्यय के समान की भूमिका होने से कार्पोरेट व्यय का सही एवं निश्चित क्षेत्रों में व्यय किया जा सकेगा।

→ SCO से सामाजिक जुड़ाव होगा जिससे समाज और कार्पोरेट के आपसी विश्वास होने से दोनों को फायदा होगा

→ CSR का व्यय एक निश्चित व योजनागत तरीके से किया जा सकेगा

→ CSR के द्वारा समाज की वास्तविक समस्याओं का निदान किया जा सकेगा तथा मानव पूंजी का निर्माण में सहायता मिलेगी।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

**In the following questions, carefully study the cases presented and then answer the questions that follow (in around 250 words):**

**9.** A renowned and critically acclaimed producer-director has come up with a new movie based on retelling of the freedom movement. The trailer of this project depicts prominent freedom fighters and various aspects of their personalities. It is a project that involves substantial sums of money and has taken collaborative efforts of 3 years. However, certain political and social activists have objected to what they perceived as negative portrayal of some freedom fighters. As such, they have opposed the release of this movie and issued threats with serious consequences. This has come in the context of increase in the number of instances involving many groups issuing threats against one or the other movie. In such a context you have been designated as the head of a special committee with the broad responsibility of reviewing the film certification process in general as well as the checking the historical accuracy of the events depicted in this particular movie. **20**

एक प्रसिद्ध और समीक्षकों द्वारा प्रशंसित निर्माता-निर्देशक एक नई फिल्म लेकर आए हैं। यह फिल्म स्वतंत्रता आंदोलन की कहानी को दोहराती है। इस फिल्म का ट्रेलर प्रमुख स्वतंत्रता सेनानियों और उनके व्यक्तित्व के विभिन्न पहलुओं को दर्शाता है। यह एक ऐसी फिल्म है जिसमें काफी बड़ी धनराशि लगी है और 3 वर्षों का सहयोगी प्रयास लगा है। हालांकि, कुछ राजनीतिक और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कुछ स्वतंत्रता सेनानियों के निरुपण को नकारात्मक मान कर आपत्ति की है। इस प्रकार, उन्होंने इस फिल्म के रिलीज का विरोध किया है और गंभीर परिणामों की धमकियां दी हैं। यह एक या किसी अन्य फिल्म के विरूद्ध धमकी देने वाले कई समूहों से जुड़े उदाहरणों की संख्या में वृद्धि से संदर्भित है। इस प्रकार के संदर्भ में आपको सामान्य रूप से इस फिल्म के प्रमाणन प्रक्रिया की समीक्षा करने के व्यापक उत्तरदायित्व के साथ-साथ इस विशेष फिल्म में चित्रित घटनाओं की ऐतिहासिक सटीकता की जांच करने वाली एक विशेष समिति का प्रमुख नामित किया गया है।

**(a)** Who are the key stakeholders you would involve as part of the consultation process?

वे प्रमुख हितधारक कौन हैं जिन्हें आप परामर्श प्रक्रिया में सम्मिलित करेंगे?

**(b)** What are the principles that you would consider while giving your recommendations to the government? Also, provide an outline of a solution that you deem appropriate in the prevailing context.

सरकार को अपनी अनुशंसाएं देते समय आप किन सिद्धांतों पर विचार करेंगे? साथ ही, एक ऐसे समाधान की रूपरेखा प्रदान कीजिए जिसे आप प्रचलित संदर्भ में उचित मानते हैं।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

(a) फिल्म के

(a) मुख्य हित धारक जिन्हे परामर्श प्रक्रिया मे सम्मिलित करना है -

(a) फिल्म निर्माता, व समीक्षक, समाज के प्रतिष्ठित इतिहास विद्वान, तथा राजनीतिक व सामाजिक संगठन के नेता, मीडिया एवं सरकार

~~(1) फिल्म निर्माता → फिल्म निर्माता~~

1. इतिहास विद्वान : चूंकि फिल्म का विषय इतिहास घटनाक्रम से सम्बंधित, स्वतंत्रता आंदोलन है। अतः इससे लोगो के राष्ट्रीय हित जुड़े हुए है इसलिए फिल्म से संबंधित स्वतंत्रता सेनानियों की भूमिका का निष्पक्ष निर्णय मे प्रबुद्ध ऐतिहासिक विद्वानो की सहायता आवश्यक है।

(2) समीक्षक एवं निर्माता : समीक्षक एवं निर्माता के द्वारा फिल्म मे

सम्बंधित तकनीकी एवं नैतिक मुद्दों का निदान के ~~सकार~~ सहायता।

③ राजनीतिक व सामाजिक ~~क्षेत्रों~~ वर्गों के प्रतिनिधि : इसमे उनकी आपत्तियों का समाधान - चूंकि अभी फिल्म रिलीज नहीं हुई है इसलिए उनकी समाधान ~~क~~ जिससे कानून व्यवस्था बनी रहे।

(b) सरकार को अनुशंसा देते समय मैं निम्न सिद्धान्तों पर विचार करूंगा।

① अभिव्यक्ति की आजादी : चूंकि मामला फिल्म की रिलीज और अभिव्यक्ति की आजादी के ~~स~~ संवैधानिक अधिकार (अनु 19(1)) से सम्बंधित है। इसलिए मैं किसी भी स्थिति में सामाजिक एवं ~~क्षेत्र~~ राजनैतिक दबाव के आगे झुकना नहीं होना चाहिए।

② ऐतिहासिक स्वतंत्रता आंदोलन के उच्च आदर्शों एवं सेनानियों ~~के~~ ~~स~~ के सम्मान से सम्बंधित मामला

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

③ सामाजिक सौहार्द एवं कानून व्यवस्था की शांति हो। जिससे नागरिकों को समस्याओं का सामना ना करना पड़े।

④ घटनाओं की सटीकता का निर्धारण ताकि दोनों पक्षों की शंकाओं और चिन्ताओं को दूर किया जा सके ताकि निर्माता को भी आर्थिक हानि ना हो।

समाधान :-

→ विशेष समिति के सामने फिल्म से संबंधित ऐतिहासिक घटनाओं और व्यक्तित्व सेनानियों की भूमिका के निर्धारण के लिए प्रबुद्ध इतिहास विद्वानों की सहायता जिससे फिल्म की कहानी और ऐतिहासिक तोड़-मरोड़ को से सम्बंधित चिंताओं को दूर किया जा सके।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

→ फिल्म के से सम्बंधित राजनीतिक दलों एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों को फिल्म को दिखाकर उनकी मुख्य आपत्तियों को दर्ज करना

→ तथा निर्माता से संबंधित दृश्यों एवं घटनाओं पर चर्चा करने के बाद इतिहास विद्वानों का अवगत कराऊंगा।

→ यदि विद्वानों, निर्माता और ~~प्रति~~ प्रतिनिधियों की ~~चिंता~~ राय के एक मत से तो फिल्म को प्रमाणित कर दिया जायेगा

→ चूंकि फिल्में काल्पनिक होती है तथा मीडिया का सशक्त रूप होती है इसलिए मैं फिल्म की रिलीज़ में किसी प्रकार की देरी नहीं करवाऊंगा बशर्ते। ~~इनके~~

~~सामान्य जन~~

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

**10.** There have been reports of repeat instances of mob lynching in different states of India. It has been pointed out that these presumably faceless mobs gather impromptu on the basis of unverified information on issues that affect the collective conscience of the society such as child trafficking, sexual harassment, cow slaughter etc. Most of the people don't even regret their action of violating the law and even get away with committing such a heinous crime. **20**

भारत के विभिन्न राज्यों से बार-बार मॉब लिंचिंग (भीड़ द्वारा हत्या) के उदाहरणों की रिपोर्टें आई हैं। यहाँ गौर करने वाली बात यह है कि यह संभवत: चेहराविहीन भीड़ बाल तस्करी, यौन उत्पीड़न, गोवध आदि जैसे समाज के सामूहिक अंतःकरण को प्रभावित करने वाले मुद्दों पर असत्यापित जानकारी के आधार पर तत्काल इकट्ठा हो जाती है। यहां तक कि इनमें से अधिकांश लोगों को कानून का उल्लंघन करने के कृत्य पर पश्चाताप भी नहीं होता है और साथ ही इस प्रकार का जघन्य अपराध करके वे बच भी निकलते हैं।

**(a)** What are the socio-psychological factors that motivate people to join the mob and kill fellow human beings?

लोगों को भीड़ में सम्मिलित होने और साथी मनुष्यों की हत्या करने के लिए प्रेरित करने वाले सामाजिक-मनोवैज्ञानिक कारक कौन-से हैं?

**(b)** Identify the implications of increasing crime of lynching on society.

समाज पर लिंचिंग (भीड़ हत्या) के बढ़ते अपराध के निहितार्थों की पहचान कीजिए।

**(c)** Examine the role of social media in recent instances of mob lynching. As a law enforcement officer, how will you prevent such incidents from happening in your district?

लिंचिंग (भीड़ हत्या) के हाल के दृष्टांतों में सोशल मीडिया की भूमिका का परीक्षण कीजिए। कानून प्रवर्तन अधिकारी के रूप में, आप अपने जिले में ऐसी घटनाओं को होने से कैसे रोकेंगे?

(a) प्रेरित करने वाले सामाजिक-मनोवैज्ञानिक कारक निम्न है-

→ चूंकि भीड़ की कोई पहचान नहीं होती इसलिए अज्ञातता होने के कारण का भय कम होता है।

→ भीड़ को प्राय कुछ राजनीतिक शक्तियों का समर्थन होता है जिससे भीड़ के द्वारा ~~विशेष~~ समुदाय विशेष

के प्रति हिंसा की जाती है।

→ भीड़ में पहचान का डर नहीं होता इसलिए अपराधी अपराध करके निकल जाते हैं।

→ न्याय प्रणाली ~~की~~ ~~~~ में लगने वाले ~~~~ लम्बे समय के कारण भी भीड़ प्राय तुरन्त सजा देने के लिए हत्या जैसे अपराध कर रहे हैं।

→ पुलिस प्रशासन की क्षमता एवं कार्यवाही में कमी, भ्रष्टाचार तथा व्याप्त बेरोजगारी के कारण भी भीड़ हत्या की घटनाएं हो रही हैं।

→ धार्मिक एवं सामुदायिक विषमता एवं पूर्वधारणाएं जिसके कारण समुदाय विशेष के प्रति हिंसा में वृद्धि।

→ तथा कानून एवं प्रशासन के डर का अभाव तथा ~~~~ पूर्व अपराधों के अपराधियों को सजा ना मिलने से भीड़ द्वारा हत्या करने को बढ़ावा मिलता है।

→ ~~कुछ~~ कुछ राजनीतिक एवं सामाजिक नेताओं द्वारा प्रायः ~~~~ अपराधियों

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

का पक्ष ले लिया जाता है तािक राजनीतिक ध्रुवीकरण हो।

(b) ① कानून एवं विधि के शासन का अभाव :→ जिससे लोगों का न्याय व्यवस्था पर से विश्वास कम होता है। तथा समाज में अराजकता फैलती है

② सामुदायिक डर एवं घृणा जिससे सम्प्रदायिकता, धार्मिक कट्टरता बढ़ती है। तथा देश की एकता अखण्डता एवं भ्रातृत्व पर संकट।

③ अल्पसंख्यकों तथा समाज के पिछड़े और वंचित वर्गों में भय:- जिससे सामूहिक प्रवास, तथा लोगों की प्रतिहिंसा की भावना भी बढ़ जाती है। जैसे→ राजस्थान में प्रायः गौ रक्षा के नाम पर मुस्लिमों की हत्या तथा पुलिस की असंवेदनशीलता।

④ महिलाओं, गरीबों एवं प्रवासी लोगों के

मध्य ~~प्रदेश~~ एवं आन्ध्र प्रदेश एवं तमिल नाडु में बच्चा चोरी के शक में उत्तर भारतीय मजदूरों एवं व्यापारियों की हत्या

(5) अन्ध विश्वास को बढावा :- राजस्थान एवं उत्तर भारत में चोटी काटने की अफवाह के कारण अन्धविश्वास में वृद्धि हुई ~~तथा लोग~~

(6) सामाजिक सौहार्द एवं विविधता में एकता जैसे आदर्शों की कमी आदि।

[C] सोशल मीडिया की भूमिका :-

→ सोशल मीडिया जैसे वाट्सएप्प, ~~फेसबुक~~ के द्वारा इन अफवाहों को फैलाने में आसानी होती है।

→ लोग पुराने एवं झूठे विडियो एवं फोटो का उपयोग भी अफवाहें फैलाने में अधिक करते हैं जैसे बच्चा चोरी का vidio पाकिस्तान के एक NGO की फिल्म थी।

→ सोशल मिडिया की पहुँच अधिकतर लोगों तक है तथा आम लोग इन पर जल्दी विश्वास कर लेते हैं।

जिले में रणनीति

① एक व्यापक व स्पष्ट सोशल मिडियाँ नीति जिसके द्वारा वाटसएप ग्रुप एडमिन्स को, ऐसी किसी घटना कंटेंट की शेयर करने से रोकने के लिए कहना।

② ऐसी लिंचिंग की घटनाओं पर जीरो टॉलरेंस तथा अपराधियों पर कठोर कार्यवाही।

③ जिले में कानून व्यवस्था के लिए पुलिस अधिकारियों से समय-२ पर मीटिंग करना यथा स्थिति से अवगत

④ व्यापक कैंपेन व अवेयरनेस कैम्प लगाकर लोगों को सोशल मिडिया के प्रति जागरूक करना जिससे

⑤ लोगों का शासन में विश्वास वृद्धि के लिए स्वयं भी सोशल मिडिया एवं अन्य माध्यमों से लोगों से संवाद, तथा असामाजिक गतिविधियों में लिप्त लोगों पर नजर

⑥ एक सशक्त सेल का गठन आदि

**11.** We live in a time when almost everything can be bought and sold. Over the past few years, markets and market values have come to govern our lives as never before. Today the logic of buying and selling no longer applies to material good alone but increasingly governs the whole of life. However, there is a wide spread realization that markets have become detached from morals and we need to somehow reconnect them. The use of markets to allocate social goods has also been a cause of concern. In this context, answer the following: **20**

हम ऐसे युग में रह रहे हैं जहाँ लगभग हर चीज को खरीदा और बेचा जा सकता है। पिछले कुछ वर्षों के दौरान, बाजार और बाजार मूल्य हमारे जीवन को ऐसे नियंत्रित करने लगे हैं जैसा पहले कभी नहीं था। आज खरीद और बिक्री का तर्क अब केवल भौतिक वस्तुओं पर ही लागू नहीं होता है बल्कि उत्तरोत्तर संपूर्ण जीवन को नियंत्रित कर रहा है। हालांकि, अब व्यापक तौर पर यह अनुभव होने लगा है कि बाजार नैतिकता विहीन हो गए हैं और हमें किसी प्रकार से उन्हें फिर से जोड़ने की आवश्यकता है। सामाजिक वस्तुओं को आबंटित करने के लिए बाजारों का उपयोग भी चिंता का एक कारण बन गया है। इस संदर्भ में, निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर दीजिए:

**(a)** Is greed wholly a vice or a trait of character that has both positive and negative sides? Could you relate it to the utilitarian philosophy that emphasizes pursuit of self interest by individuals as the basis of economic well being?

क्या लालच पूर्णतया एक बुराई है या वह चारित्रिक विशेषता है जिसके सकारात्मक और नकारात्मक दोनों पक्ष हैं? क्या आप इसे उपयोगितावादी दर्शन से जोड़ सकते हैं जो आर्थिक सुख के आधार के रूप में व्यक्तियों द्वारा स्वहित के अनुसरण पर बल देता है?

**(b)** Are there some things that money shouldn't buy? Illustrate with examples.

क्या ऐसी कुछ चीजें हैं जो पैसे से नहीं खरीदी जानी चाहिए? उदाहरण प्रस्तुत करते हुए समझाइए।

(a) ~~लालच की चारित्रिक पूर्णतया~~ पूर्ण

लालच पूर्णतया एक बुराई है:- प्रथम

लालच पूर्ण एक बुराई है। क्योंकि किसी भी वस्तु का बाजार मूल्य इतना ज्यादा भी नहीं होना चाहिए ताकि इन नागरिकों के जीवन पर संकट आ जाये जिससे

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

• भुखमरी, खाद्यान्न संकट एवं मानव जीवन ही संकट में पड़ जाए

चारित्रिक विशेषता एवं सकारात्मक पक्ष

→ इससे उद्योगों का विकास होता है क्योंकि प्रत्येक उद्यमी का उद्देश्य लाभ कमाना होता है।

→ लाभ की अधिकता से व्यापारिक प्रतिस्पर्धा होती है जिससे समाज का विकास होता है।

→ औद्योगिक विकास तथा अधिक लाभ के लिए अनुसंधान एवं विकास जिससे मानवोपयोगी वस्तुओं का निर्माण जिससे जीवन स्तर में सुधार

• नकारात्मक पक्ष

→ लालच के द्वारा प्राय मानव जीवन तथा आधारभूत ~~सुविधाओं~~ आवश्यकताओं का संकट।

→ समाज में ~~गरीबी~~, गरीबी, बेरोजगारी, तथा सामाजिक असमानता बढ़ती है।

→ पूंजी का केंद्रीकरण होता है जिससे

असंतोष एवं आर्थिक असमानता में वृद्धि होती है

उपयोगितावाद एवं आर्थिक सुख :

उपयोगितावादी दर्शन के प्रतिपादक J.S. मिल के अनुसार अधिकतम लोगों का अधिकतम लाभ ही सुख है। अर्थात किसी भी कार्य सफलता और पवित्रता का निर्धारण संख्या के आधार पर किया जाता है। जिसमें व्यक्ति अधिकतम सुख प्राप्त करना ही लक्ष्य मानता है।

उपयोगितावाद आर्थिक सुखों को उच्च कोटि का मानता है। व आर्थिक सुख के द्वारा अन्य भौतिक सुखों की प्राप्ति के लिए प्रयत्न करने पर बल देता है।

उपयोगितावादी विचार धारा भौतिक सुखों एवं धन सम्पत्ति से प्राप्त सुखों पर बल देती है। अत: यह एक पूँजीवादी विचार धारा है।

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

(b) कुछ चीजें हैं जिन्हें आप पैसे से नहीं खरीद सकते हैं

(1) शांति तथा आत्मिक संतुष्टि:

मनुष्य के पास कितना भी पैसा हो परन्तु व आत्मिक संतुष्टि तभी प्राप्त कर सकता है जब उसकी भौतिक के साथ-2 आध्यात्मिक आवश्यकताओं की पूर्ति जैसे - "किसी व्यक्ति को वृद्धों और वंचित लोगों की सेवा में सुख मिलता है तो उसे वही शांति मिलेगी।

(2) परस्पर विश्वास, नैतिकता ⇒

नैतिकता एवं विश्वास की पूर्ति भी पैसे से नहीं मिल सकती जैसे आपके पास कितना भी पैसा हो परन्तु आप किसी के प्रति loyal और उनसे संबंध नहीं रखते तो आपके के प्रति उनका विश्वास नहीं रहेगी।

VISION IAS™

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

(3) पृष्ठभूमि :

Call us : 8468022022 Visit us : www.visionias.in

**12.** You are the head of a policy think-tank. There is a proposal to cut down more than 10,000 trees to build a residential colony in the capital of the country. The city has one of the highest homeless population in the country and the settlement will be used for them. This news has generated a lot of public debate. While on the one hand is the need to expand urban infrastructure in order to meet the demands of the growing population, on the other, is the environmental concern. In last ten years, the city has lost more than half of its green cover and has seen increased frequency of extreme climatic events. You are asked to deliver a lecture for the policymakers and concerned citizens, in which you have to specifically deal with the following questions: **20**

आप एक पॉलिसी थिंक टैंक (नीतिगत विचार मंच) के प्रमुख हैं। देश की राजधानी में एक आवासीय कॉलोनी बनाने के लिए 10,000 से अधिक पेड़ों को काटने का एक प्रस्ताव है। इस शहर में देश की सबसे बड़ी बेघर आबादी में से एक रहती है और उनके लिए इस बसावट का उपयोग किया जाएगा। इस समाचार ने काफी सार्वजनिक वाद-विवाद को जन्म दिया है। जहां एक तरफ बढ़ती आबादी की मांग को पूरा करने के लिए शहरी आधारभूत अवसंरचना का विस्तार करने की आवश्यकता है, वहीं दूसरी तरफ पर्यावरण संबंधी चिंताएं भी हैं। पिछले दस वर्षों में, इस शहर ने अपना आधे से अधिक हरित अच्छादन को खो दिया है और चरम जलवायविक घटनाओं की आवृत्ति में वृद्धि देखी है। आपसे नीति निर्माताओं और संबंधित नागरिकों को एक व्याख्यान देने के लिए कहा जाता है, जिसमें आपको विशेष रूप से निम्नलिखित प्रश्नों से निपटना है:

**(a)** Why do you think such situations arise in the first place where developmental activities and environmental concerns often come out as antithetical to each other?

आपके विचार में ऐसी स्थितियां प्रथम दृष्टया उत्पन्न ही क्यों होती हैं जहाँ विकासात्मक गतिविधियां और पर्यावरणीय चिंताएँ अक्सर एक-दूसरे के द्वंद्व के रूप में सामने आती हैं?

**(b)** What should be the short-term and long-term solutions for tackling such situations?

ऐसी स्थितियों से निपटने के लिए अल्पकालिक और दीर्घकालिक समाधान क्या होने चाहिए?

**(c)** What are the potential benefits of inculcating environmental concerns in the policy making and planning process?

नीति निर्माण और नियोजन प्रक्रिया में पर्यावरणीय चिंताओं को अंतर्निविष्ट करने के संभावित लाभ क्या हैं?

(a) → अनियोजित किन्तु असमान विकास गतिविधियां

→ अत्यधिक जनसंख्या वृद्धि जिससे

आवास एवं रोजगार की समस्या।

- उद्योगों का विकास के समय पर्यावरणीय ~~बातों~~ चिंताओं पर अधिक ध्यान नहीं दिया जाता।
- → उद्योगों के शहरी क्षेत्रों में केंद्रीकरण के कारण गावों एवं अन्य क्षेत्रों से रोजगार की तलाश में आप्रवास
- → ग्रामीण क्षेत्र में अस्थिर रोजगार की कमी
- → निवास कालोनियों के बनाते समय पर्यावरणीय सुरक्षा पर ध्यान नहीं दिया जाता तथा हरित आवरण का विनाश।
- → निजी बिल्डरों के द्वारा सरकारी व सार्वजनिक भूमि पर कब्जा जिससे शहरों में भूमि की कमी पैदा हो जाती है।
- → व्यापक गरीबी जिससे लोग आवास ~~का~~ स्थापित करने में असमर्थ।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

[b] अल्पकालिक समाधान:

→ नागरिकों एवं सरकारी संस्थाओं के मध्य आपसी विश्वास की वृद्धि के लिए भावनात्मक बुद्धि का प्रयोग करते हुए नागरिकों की चिंताओं को समझना तथा उचित कार्यवाही का आश्वासन

→ चूंकि पर्यावरणीय कारक और विकास कारक दोनों ही जरूरी है। इसलिए कम से कम पेड़ो के ~~विकास~~ विनाश

→ कोट जाने वाले पेड़ो के स्थान पर उनसे अधिक पेड़ लगाने का आश्वासन।

→ लोगों का विरोध को देखते हुए पेड़ो की कटाई को रोकना तथा ही सड़क का पुनः कार्य का निर्माण

→ लोगो का भरोसा जीतने के लिए कार्य करना ~~तक~~

दीर्घकालीन समाधान

→ विकासात्मक गतिविधियों के द्वारा होने वाले पर्यावरणीय नुकसान का उचित समाधान जिसमें कम से कम पेड़ों की कटाई

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

→ विनाशात्मक गतिविधियों के दौरान CPCB और पर्यावरण मंत्रालय के EIA रिपोर्ट पर विचार पूर्वक नीति निर्माण

→ स्पष्ट वन नीति तथा वन सार्वजनिक भूमि का अधिग्रहण तथा अतिक्रमण की रचना।

→ निवास आदि के लिए खाली पड़ी बंजर भूमि का उपयोग

→ प्रत्येक विनाश गतिविधि के बाद

ग्रीन पट्टी

[C] → पर्यावरणीय संकट का समाधान

→ पर्यावरणीय आपदाओं का सामना उचित तरीके से करना।

→ पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी तंत्र की सुरक्षा जिससे सतत पोषणीय विकास के लक्ष्यों की प्राप्ति में आसानी

→ पर्यावरण प्रदूषण से बचाव

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

→ प्राकृतिक आपदाओं में कमी तथा मानव जनित प्राकृतिक आपदाओं का समाधान जैसे बाँध निर्माण

→ जीव-जन्तुओं या पक्षियों के आवास विखण्डन से बचाव ताकि मानव - व. वन्य पशु संघर्ष की स्थिति उत्पन्न ना हो।

→ जलवायु परिवर्तन, वैश्विक तापन, ओज़ोन क्षरण जैसी ~~पर्या~~ पर्यावरणीय समस्याओं के साथ Heat Island जैसी स्थानीय समस्याओं का सामना ना करना पड़े।

→

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

**13.** You are a young athlete representing India at an international-level competition. During the competition, you witness a few senior athletes injecting something using a syringe, in private. When you approach them, they explain that it is a performance enhancing drug, which is very common in such competitions and you should take the same as well. You are in fear and decide to approach the coach to discuss the event you witnessed. However, you get to know that the athletes are taking the drug at the advice of the coach himself. **20**

आप एक अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धा में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे एक युवा एथलीट हैं। प्रतियोगिता के दौरान, आप कुछ वरिष्ठ एथलीटों को एकांत में सीरिंज का उपयोग करके कुछ इंजेक्ट करते हुए देखते हैं। जब आप उनसे संपर्क करते हैं, तो वे बताते हैं कि यह प्रदर्शन बढ़ाने वाली दवा है, जो ऐसी प्रतियोगिताओं में बहुत आम है और आपको भी इसे लेना चाहिए। आप डर जाते हैं और आप देखी गई घटना पर चर्चा करने के लिए कोच से संपर्क करने का निर्णय लेते हैं। हालांकि, आपको पता चलता है कि एथलीट स्वयं कोच के परामर्श पर दवा ले रहे हैं।

**(a)** What would you do in this scenario? Discuss the options available to you and chart your course of action.

इस परिदृश्य में आप क्या करेंगे? अपने लिए उपलब्ध विकल्पों पर चर्चा कीजिए और अपनी कार्यवाही की योजना का विवरण दीजिए।

**(b)** Why do you think use of unfair means to enhance performance is common in competitive sporting event? How can this practice be minimized?

आप क्यों मानते हैं कि प्रदर्शन बढ़ाने के लिए अनुचित साधनों का उपयोग प्रतिस्पर्धी खेल आयोजनों में आम है? यह प्रथा किस प्रकार कम की जा सकती है?

मुद्दा → खेल नैतिकता का पालन की समस्या

[a] इस परिस्थिति मेरे पास उपलब्ध विकल्प निम्न है-

1. किसी को कुछ नहीं बताऊं और चुप रहूं :→ क्योंकि साथी एथलीटों को कोच का समर्थन प्राप्त है इसलिए किसी को कुछ ना बताना भी एक उपलब्ध विकल्प है ~~परन्तु साथी~~

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

~~व्यक्तियों के द्वारा किया जा रहा काम निषेधित है तथा खेल नैतिकता के विरुद्ध है। साथ ही~~

2. अपने अन्य अधिकारियों से इसकी चर्चा करू :- क्योंकि साथी व्यक्तियों द्वारा किया जाने वाला कार्य अनैतिक एवं निषेधित है तथा खेल नैतिकता और नियमों के विपरीत है। आगे इनके पकड़े जाने से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश की बदनामी होती है।

- जिससे नये खिलाड़ियों का मनोबल गिरता है और खेल के अस्तित्व पर ही संकट आ सकता है।

योजना :

→ साथी खिलाड़ियों और कोच के इस व्यवहार के लिए इनसे विस्तार चर्चा करूंगा।

→ चूंकि कोच परामर्श का कुछ केवल

सूत्रों से पता चला है। इसलिए सीधा कोच से ही जाकर बात करूँगा और उन्हें वस्तुस्थिति से अवगत कराऊँगा।

→ मैं के राष्ट्रीय टीम का मामला है इसलिए देश के सम्मान की रक्षा करते हुए मैं अपने खेल से संबंधित उच्च अधिकारियों से संपर्क करूँगा।

→ यदि कोच और फेडरेशन मेरी बात नहीं सुनते तो वाडा वर्ल्ड ऐन्टी डूग आथरिटी (वाडा) और नाडा से शिकायत करूँगा।

[b] हाल में ओलम्पिक खेलों में अनुचित साधनों का प्रयोग करने के आरोप के में WADA ने रूस देश की एथलिटो और खिलाड़ियों का परीक्षण में दोषी पाया गया है। इससे यही मतलब निकलता है की देश

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

की संस्थाएं राजनैतिक गौरव व्यक्तिगत उपलब्धियों के लिए अनुचित साधनों का प्रयोग करते हैं-

उपाय →

① खिलाड़ियों के मे इन अनुचित साधनों के प्रति जागरूकता

② अनुचित साधनों के दोषी पाये जाने पर जीरो टॉलरेंस तथा उन्हें उचित क सज़ा एवं कार्यवाही की जाये।

③ राष्ट्रीय स्तर पर परीक्षण की प्रयोग शालाओं का आधारभूत विकास

④ विश्व ऐंटी ड्रग आयोग (WADA) को सशक्त किया जाये।

⑤ प्रत्येक अंतर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय प्रतिस्पर्द्धा से पूर्व अनिवार्य परीक्षण किया जाये। खिलाड़ियों का

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

(6) खिलाड़ियों में उच्च नैतिक मानकों का विकास जिससे खेल नैतिकता को बढ़ावा।

(7) प्रतिबंधित ~~[illegible]~~ दवाओं की लिस्ट को सार्वजनिक तौर पे रखा जाये।

(8) शिकायत कर्ता की पहचान गुप्त रखी जाये जिससे साथी खिलाड़ियों से आपसी वैमनस्य न हो।

(9) सभी देशों के खिलाड़ियों एवं खेल संस्थाओं के द्वारा आपसी समन्वय एवं सहयोग पूर्ण तरीके से इस समस्या का मुकाबला किया जाये।

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

**14.** You have been appointed by Election Commission as a booth level officer to oversee the conduct of elections in a remote and under-developed area. For the preparations of elections, you have been instructed to ensure maximum voter turnout. For this, you conduct a series of meetings with the people in villages encouraging them to vote in large numbers. However, they confront you with the fact that despite so many previous elections, the promises made by representatives remain unfulfilled and even the basic necessities of livelihood are not available. As such, they are ignorant of your appeals and are subsequently not forthcoming even to listen to you, let alone giving assurances to vote. Based on this information, answer the following questions: **20**

आपको निर्वाचन आयोग द्वारा एक दूरस्थ और अल्पविकसित क्षेत्र में चुनाव आयोजन की निगरानी करने के लिए बूथ स्तर का एक अधिकारी नियुक्त किया गया है। चुनाव की तैयारी के लिए, आपको अधिकतम मतदान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। इसके लिए, आप गांवों के लोगों के साथ उन्हें बड़ी संख्या में मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए बैठकों की एक श्रृंखला आयोजित करते हैं। हालांकि, वे इस तथ्य से आपका सामना कराते हैं कि पिछले कई चुनावों के बावजूद, प्रतिनिधियों द्वारा किए गए वादे पूरे नहीं हुए हैं और यहां तक कि आजीविका की मूलभूत आवश्यकताएं भी उपलब्ध नहीं हैं। इस प्रकार, वे आपकी अपीलों की उपेक्षा करते हैं और बाद में मतदान का आश्वासन तो दूर, आपको सुनने तक के लिए नहीं आते हैं। इस जानकारी के आधार पर, निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर दीजिए:

**(a)** Identify the stakeholders in the situation along with their interests.
इस स्थिति में हितधारकों की उनके हितों के साथ पहचान कीजिए।

**(b)** What are the factors that you will take into account to convince the people and ensure maximum voter turnout?
आप लोगों को मनाने और अधिकतम मतदान सुनिश्चित करने के लिए किन कारकों को ध्यान में रखेंगे?

(a) मुख्य हित धारक है -

1. निर्वाचन आयोग ~~एवं~~ ~~अधिकारी~~ :- शांतिपूर्ण तरीके से अधिकाधिक मतदान तथा तथ्य मतदान कार्य में पारदर्शिता के साथ ~~सभी~~ मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करना

(2) मतदाता : 'मतदाओं का मुख्य हित है मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति, करवाना, तथा जनप्रतिनिधियों का चुनाव पश्चात क्षेत्र में नही जाने से अल्प विकास तथा जनप्रतिनिधियों के वादों की पूर्ति कराना। इससे मतदाओं का मतदान प्रक्रिया से विश्वास उठ जाना।

3. प्रतिनिधि :- चुनावों के मतदाओं के मत प्राप्त करना तथा केवल चुनाव जीतना।

4. मुख्य अधिकारी : चुनाव आयोग के आदेशों की पालना करते हुए शांतिपूर्ण तरीके से मतदान कराना। तथा अधिकाधिक लोगों को मतदान के लिए भागीदारी निभाने के लिए मनाना। जिससे निष्पक्ष एवं उचित मतदान हो सके।

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

[b] 1. भावनात्मक बुद्धि का प्रयोग करते हुए मतदाताओं की समस्या को समझते हुए उन्हें मतदान के लिए उन्हें प्रेरित करना।

2. गाँव वालों की धारणाओं को परिवर्तित करने के लिए उन्हें मतदान का महत्व बताना।

3 क्षेत्र के रैली, और NGO का सहारा लेकर जागरूकता

4. मतदाताओं को उनके मत का महत्व समझाकर, तथा उन्हें उसका उपयोग करने के लिए प्रेरित करना

(5) स्थानीय स्वशासन जनप्रतिनिधियों को साथ लेकर लोगों के जागरूकता आदि।

7.

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)